पेरसि पैरालपिकि्स गेम्स 2024

स्रोत: द हिंदू

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने पेरसि पैरालपिकि गेम्स 2024 में भारत के पैरा-एथलीटों के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की।

- भारत ने पेरसि पैरालपिकि गेम्स 2024 में अपना '**अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**' करते हुए **7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक सहति कुल 29 पदक** जीते।

पैरालपिकि के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **पैरालपिकि** दिव्यांग एथलीट **के लिये सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है, जो यह ओलंपिक खेलों के तुरंत बाद होता है।**
  - दिव्यांग एथलीट के लिये ओलंपिक शैली के खेल, पहली बार वर्ष 1960 में रोम में आयोजित किये गए थे।
  - इसकी देखरेख अंतर्राष्ट्रीय पैरालपिकि समिति (IPC) द्वारा की जाती है, जो IOC द्वारा मान्यता प्राप्त निकाय है।
- स्थल: 19 जून 2001 को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) और आईपीसी के बीच "एक बोली, एक शहर" के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।
  - इसका तात्पर्य है कि **ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करने वाले शहरों को अपने-आप ही पैरालपिकि** को अपनी बोली में शामिल करना होगा।
- **पेरसि पैरालपिकि गेम्स- 2024 के संदर्भ में:** पेरसि पैरालपिकि गेम्स- 2024 का आयोजन **28 अगस्त से 8 सितंबर 2024 के दौरान** हुआ। इसमें **विश्व भर से लगभग 4,400 एथलीट** शामिल हुए।
  - **खेल अनुशासन:** एथलीटों ने **22 खेलों में भाग** लिया, जिससे यह एक व्यापक आयोजन बन गया, जिसमें विविध एथलेटिक प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया गया।
  - **शुभंकर:** पैरालपिकि फ्रीज, **फ्रीजियन कैप से प्रेरित** है, जो पेरसि पैरालपिकि गेम्स- 2024 का शुभंकर है। यह **स्वतंत्रता और स्वाधीनता** का प्रतीक है।
- **कुल प्रदर्शन:** चीन **94 स्वर्ण पदकों** के साथ शीर्ष पर रहा। **ग्रेट ब्रिटेन 49 स्वर्ण** के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि **संयुक्त राज्य अमेरिका 36 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान** पर रहा।

पेरसि पैरालंपकि गेम्स 2024 में भारत का प्रदर्शन कैसा रहा?

- **प्रतिनिधिमंडल:** भारत ने **84 पैरा-एथलीटों** का प्रतिनिधिमंडल भेजा, जो **12 स्पर्द्धाओं** (टोक्यो 2021 में 9 स्पर्धाओं) में भाग लेंगे। **पैरा साइकलिंग, पैरा-रोइंग और ब्लाइंड जूडो** नए खेल थे।
- **प्रदर्शन:** भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित **कुल 29 पदक** जीते।
  - भारत **18वें स्थान** पर रहा।
  - भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में **50 पदकों** की उपलब्धि हासिल की।
- **तीव्र सुधार:** भारत ने **वर्ष 1968 (तेल अवीव, इज़रायल)** में अपने पैरालंपिक पदार्पण से लेकर **वर्ष 2016 तक कुल 12 पदक जीते,** जिनमें वर्ष 2016 के रियो खेलों में जीते गए चार पदक शामिल हैं।
  - हालाँकि अगले दो संस्करणों, **टोक्यो 2021 और पेरसि 2024 में** भारत के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उसने 48 पदक प्राप्त किये, अब **कुल पदकों की संख्या 60** हो गई।
- **भाला फेंक में स्वर्ण: भारत के नवदीप सिंह को पुरुषों की भाला फेंक F41 स्पर्द्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, क्योंकि ईरान के बेत सयाह सादेघ को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उन्होंने पहले रजत पदक जीता था।**
  - यह **पुरुषों की भाला फेंक F41 श्रेणी** में भारत का पहला स्वर्ण पदक है।
    - F41 श्रेणी **छोटे कद** वाले एथलीटों के लिये एक प्रतिस्पर्द्धा वर्ग है।

//

Order	NPCs	G	S	B	
1	People's Republic of China	94	76	50	**220**
2	Great Britain	49	44	31	**124**
3	United States of America	36	42	27	**105**
4	Netherlands	27	17	12	**56**
5	Brazil	25	26	38	**89**

खेल प्रोत्साहन के लिये सरकार की क्या पहल हैं?

- टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम
- फिट इंडिया मूवमेंट
- खेलो इंडिया
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार योजना
- **राष्ट्रीय खेल विकास कोष (NSDF)**

और पढ़ें: पेरिस ओलंपिक- 2024 में भारत

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paris-paralympics-games-2024